अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2015
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ह्रस्व स्वर कौन नहीं है? **(1)**

(A) अ (B) इ

(C) उ (D) आ

**2.** य, र, ल, व व्यंजन कहलाते हैं— **(1)**

(A) ऊष्म (B) अन्तःस्थ

(C) संयुक्त (D) द्विगुण

**3.** 'द्विज' शब्द का अर्थ है— **(1)**

(A) ब्राह्मण (B) दाँत

(C) पक्षी (D) इनमें से सभी

**4.** लिपि विकास का प्रथम सोपान है— **(1)**

(A) चित्र लिपि (B) वर्ण लिपि

(C) अक्षर लिपि (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** जंगम का विलोम शब्द है— **(1)**

(A) पुष्ट (B) स्थावर

(C) स्थिर (D) पूर्ण

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** अक्षर समूह का दूसरा नाम बताइए। **(1)**

**7.** श, ष, स, ह किस प्रकार के व्यंजन हैं? **(1)**

**8.** सस्वर वाचन के दो गुण लिखिए। **(1)**

**9.** भाषा शिक्षक के चार प्रमुख कौशल कौन-कौन से हैं? **(1)**

**10.** श्रुतलेख का क्या उद्देश्य है? **(1)**

**11.** 'अनभिज्ञ' और 'मुक्त' का क्रमशः विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** वाचन की प्रकृति स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** विराम चिह्नों का क्या अभिप्राय है? **(2)**

**14.** लेखन कला को कुशल बनाने में 'सुलेख' के महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**15.** आक्षरिक लिपि से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**16.** पूर्णविराम एवं अल्पविराम में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**17.** अशुद्ध उच्चारण के किन्हीं पाँच कारणों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**18.** अनुनासिक स्वर क्या हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/hindi/2015

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN